वर्ष 28 अंक 244
पृष्ठ 20
बरेली, मंगलवार
16 मई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO 02 : TOP CENTER

गांव-गांव स्थापित होगी लैब, मृदा के संपूर्ण तत्वों की होगी जांच, कम होगी किसानों की लागत और बढ़ेगा फसल का उत्पादन

मंडल में 497 प्रशिक्षित युवा सुधारेंगे मिट्टी की सेहत

जागरण संवाददाता, बरेली : मृदा परीक्षण के गुर सीखकर मंडल के 497 युवा मिट्टी की सेहत सुधारने को तैयार हैं। ट्रेनिंग का प्रमाणपत्र प्राप्त कर यह युवा गांव-गांव में मिट्टी की जांच अन्नदाताओं की मदद करेंगे। इनकी जांच से किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य की सही जानकारी मिलेगी, जिससे न सिर्फ उनकी लागत कम होगी बल्कि फसल का उत्पादन भी बढ़ेगा। सबसे खास बात यह कि उर्वरक का अत्यधिक प्रयोग रुकने से मिट्टी की सेहत भी बेहतर रहेगी। यह सब संभव हो रहा है जागरण के आधुनिक अन्नदाता की बदौलत।

जागरण आधुनिक अन्नदाता

मिट्टी के इन तत्वों की हो सकेगी जांच

पीएच, ईसी, जीवांश, कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फेट, पोटाश, गंधक, जस्ता, लोहा, तांबा, मैगनीज, बोरान।

ऐसे चला दैनिक जागरण का अभियान

पिछले साल 27 नवंबर को आंवला शुरू हुए दैनिक जागरण के अभियान 'आधुनिक अन्नदाता' को युवाओं व किसानों ने हाथोंहाथ लिया। इसके बाद कार्यक्रम का विस्तार हुआ। कृषि में इंटर, स्नातक व पीजी किए हुए अभ्यर्थियों को मिट्टी जांच का एक्सपर्ट बनाने का न्यौता दिया। हर जिले के विकास खंडों पर युवाओं को आधुनिक अन्नदाता बनाने की ट्रेनिंग दी गई। इसके साथ ही आइवीआरआइ व कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने युवाओं को मिट्टी की जांच करने का तरीका सिखाया। गैपशम की ओर से मिट्टी जांच के लिए आधुनिक मशीन भी मुहैया कराई गई।

182	बरेली
145	बदायूं
138	शाहजहांपुर
32	पीलीभीत

युवाओं को मृदा परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया

ऐसे पहुंच सकते हैं कार्यक्रम स्थल तक

बदायूं : पुलिस ग्राउंड के नजदीक दैनिक जागरण कार्यालय से सुबह आठ बजे बस रवाना होगी।

शाहजहांपुर : खिरनीबाग रामलीला मैदान से सुबह साढ़े सात बजे बस रवाना होगी।

पीलीभीत : रामलुभाई राजकीय महिला महाविद्यालय के गेट से सुबह आठ बजे बस रवाना होगी।

बताएंगे आधुनिक खेती के तरीके

कार्यक्रम के दौरान किसानों को एक फिल्म दिखाई जाएगी जिसमें आधुनिक खेती के नए तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इसमें बताया जाएगा कि किसान किस तरह अपनी फसल की लागत कम करके ज्यादा मुनाफा ले सकते हैं।

मशीन का होगा डेमो

मिट्टी की जांच का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके दस युवाओं को कार्यक्रम स्थल पर ही इसकी मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही लोगों को डेमो दिया जाएगा कि इस मशीन से किस तरह मिट्टी की जांच हो सकेगी।

हर गांव में होगी मिट्टी जांच को लैब

इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दैनिक जागरण अब हर गांव में मिट्टी की जांच के लिए लैब स्थापित कराने के प्रयास कर रहा है। इसके लिए मंगलवार को कार्यक्रम में कुछ युवाओं को मिट्टी जांच की मशीन भी मुहैया कराई जाएगी।